ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 10-05-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-05-10 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-05-11	2024-05-12	2024-05-13	2024-05-14	2024-05-15
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	42.0	41.0	41.0	41.0	42.0
न्यूनतम तापमान(से.)	30.0	29.0	29.0	30.0	29.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	31	37	45	33	28
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	14	13	15	12	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	17	21	13	16	16
पवन दिशा (डिग्री)	240	227	237	233	251
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 41.0 से 42.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 29.0 से 30.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाएं।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई सब्जियों व बागानों में सिंचाई अवश्य दे। सब्जियों व बागानों में वाष्पीकरण द्वारा जल की हानि को कम करने के लिये घास फूस व पालिथीन आदि की पलवार का प्रयोग करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	कपास की बुवाई का समय चल रहा है। जड़गलन की समस्या वाले खेतों में बुवाई से पूर्व 6 किलोग्राम जिंक सल्फेट (व्यापारिक ग्रेड) प्रति बीघा की दर से मिट्टी में मिलायें। बिजाई के लिए उन्नत किस्में देशी कपास की

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	आर.जी-8, आर.जी.-18, राज.डी.एच.-9, आर.जी.-542, एच.डी.-123। अमेरिकन कपास की बीकानेरी नरमा, गंगानगर अगेती, आर.एस.टी-9, आर.एस.-2013, आर.एस.-810, आर.एस.-875, मरू विकास आदि उन्नत किस्म है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है तथा छोटे रह जाते है। नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रीड 3 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर पानी या डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
टमाटर	टमाटर में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है। यह रोग कीट के कारण फैलता है। नियंत्रण के लिए डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	किसान भाई इस मौसम मे बेल वाली फसलों मे न्युनतम नमी बनाए रखें अन्यथा मृदा मे कम नमी होने से परागण पर असर हो सकता है जिससे फसल उत्पादन में कमी आ सकती है।